राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'होली' पर्व के अवसर पर बिहारवासियों को अपनी शुभकामनाएँ दी

पटना, 28 फरवरी 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने 'होली' पर्व के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को अपनी शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है।

अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री मलिक ने कहा है कि –''आनन्द और उल्लास के इस त्योहार में हम आपसी रंजिशों को भूलकर प्रेम और भाईचारा के रंगों में रंग जाते हैं। इस त्योहार से हमारी सामाजिक समता, समरसता तथा राष्ट्रीय एकता की भावना सशक्त होती है।''

राज्याल ने अनुरोध किया है कि सभी बिहारवासी इस पावन पर्व को खुशी और उमंग के साथ मनायें, ताकि देश और समाज में सुख–शांति रहे एवं बिहार तेजी से प्रगति–पथ पर अग्रसर हो सके।

....